2017

HINDI

(Major)

Paper : 4.2

(Chhayavadottar Kavyadhara)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) किस आंदोलन को मार्क्सवादी चिन्तन का साहित्यिक प्रतिफलन माना जाता है?

(ख) 'प्रगतिशील लेखक संघ' का प्रथम अधिवेशन भारत में कहाँ हुआ था?

(ग) प्रयोगवाद के प्रवर्त्तक कौन हैं?

(घ) नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या था?

(ङ) 'रोटी' कविता के कवि कौन हैं?

(च) किस सप्तक के प्रकाशन के समय प्रयोगवादी कविता 'नयी कविता' कही जाने लगी?

(छ) 'कलगी बाजरे की' कविता के कवि कौन हैं?

(ज) 'मोचीराम' शीर्षक कविता पाठ्यक्रम में सन्निविष्ट किस काव्य-संग्रह से उद्धृत है?

(झ) लीलाधर जगूड़ी की किसी एक काव्य-कृति का नाम लिखिए।

(ञ) शमशेर बहादुर सिंह का जन्म कब हुआ था?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×5=10

(क) 'धानों का गीत' कविता का मूल भाव क्या है?

(ख) 'प्रगतिवादी कविता' की प्रमुख प्रवृत्ति क्या है?

(ग) 'जनता की जमीन पर' शीर्षक कविता द्वारा कवि क्या संदेश देना चाहता है?

(घ) आपकी दृष्टि में, पठित कविताओं में से श्रेष्ठ कविता कौन-सी है? दो कारण बताइए।

(ङ) 'सोन मछली' शीर्षक कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'प्रयोगवाद' के उद्‌भव की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'कलगी बाजरे की' कविता में निहित भावार्थ को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'प्रयोगवाद' और 'नई कविता' की भिन्नता पर एक टिप्पणी लिखिए।

अथवा

पठित कविता के आधार पर 'दुपहरिया' का एक शब्द-चित्र प्रस्तुत कीजिए।

(ग) अज्ञेय की 'औद्योगिक बस्ती' शीर्षक कविता किस समस्या की ओर पाठकों का ध्यान आकृष्ट करती है?

अथवा

'अकाल और उसके बाद' कविता की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

(घ) लीलाधर जगूड़ी के कवि-व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

अथवा

धूमिल द्वारा रचित 'मोचीराम' कविता का वर्ण्य-विषय क्या है?

4. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×2=20

(क) ये उपमान मैले हो गये हैं।
देवता इन प्रतीकों के कर गये हैं कूच।
कभी बासन अधिक घिसने से मुलम्मा
छूट जाता है।

अथवा

झूठ है यह, फिर उठेगा आदमी
और सूरज को मिलेगी रोशनी
सितारों को जगमगाहट मिलेगी
कफ़न में लिपटे हुए सौन्दर्य को
फिर किरण की नरम आहट मिलेगी।

(ख) अमित आकांक्षा उभार
दाह का आलोक है केवल
धैर्य कितना धैर्य
औ' संतोष
कितना
आज के दिन मान की परछाइयों में
किरण का मासूम वैभव।

अथवा

भाषा? देख उधर कोने में
शब्दों के अर्थ भरे
कोने में रखी है
अरे भाई! वहाँ नहीं, वहाँ
आगले पर
उस गिलास के पास
जिसमें बैठे मेरे दाँत रखे हैं।

5. 'कविता की मौत' में धर्मवीर भारती ने युगीन संवेदना को आस्था की वाणी दी है। इसका विवेचन कीजिए। 10

अथवा

'यह दंतरित मुस्कान' शीर्षक कविता के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

6. "यदि अन्य कवि प्रगतिवादी हैं तो मुक्तिबोध आधुनिक प्रगतिवादी हैं।" पठित कविताओं के आधार पर इस युक्ति का विवेचन कीजिए। 10

अथवा

यथार्थ चित्रण की दृष्टि से 'धूमिल' के कवि-व्यक्तित्व का मूल्यांकन कीजिए।

★ ★ ★